>

Title: Need to declare and develop Madhushrava in Arwal district in Bihar as a tourist place-laid.

श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद): मेरे संसदीय क्षेत्र जहानाबाद के अंतर्गत अरवल जिले के कलेर में मधुश्रवा ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण स्थल है लेकिन यहां पर्यटन सुविधाओं का विकास नही हो पाया है । मधुश्रवा महर्षि च्यवन ऋषि की जन्म स्थली है एवं यह ऐतिहासिक व धार्मिक आस्था का केन्द्र है । ऐसा कहा जाता है कि भगवान राम भी गया पिंड दान करने जाते समय मधुश्रवा मंदिर में पूजा-पाठ किए थे । पुराणों में भी इस स्थल का महत्व दर्शाया गया है । बिहार में दो स्थानों पर लगने वाले मलमास मेला में एक यहां भी लगता है । जिसमें बिहार के कोने-कोने से लोग आकर भगवान मधेश्वर नाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना कर अपनी मंगल कामना की इच्छा करते हैं ।

पर्यटन के क्षेत्र में विकास की यहां अपार संभावनाएं हैं लेकिन इस क्षेत्र में विकास के लिए अपेक्षित पहल नहीं की गई है । इस पवित्र स्थल पर सरकार की ओर से इक्का-दुक्का भवन का निर्माण कराया गया है जो अपर्याप्त है । पीने का पानी व शौचालय तक की ठीक व्यवस्था नहीं है । इस स्थल की हालत बद से बदतर हो रही है ।

ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व के अनुकूल, इस स्थल का विकास होना अति आवश्यक है । मेरी सरकार से मांग है कि मधुश्रवा को पर्यटक स्थल घोषित किया जाए एवं पर्यटन की सभी सुविधाएं विकसित किया जाए ।